# श्रमायुक्त कार्यालय
# मध्य प्रदेश शासन,
# इन्दौर

न्यूनतम वेतन एवं
परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की दरें
दिनांक 01.04.2024 से

**मान.उच्च न्यायालय, खंडपीठ इन्दौर द्वारा याचिका क्र. WP.10772/2024 एवं WP.9401/2024 आदि में दिनांक 21.मई.2024 को पारित स्थगन आदेश के परिप्रेक्ष्य में**

-------------------

न्यूनतम वेतन की दरें श्रम विभाग की वेबसाईट
www.labour.mponline.gov.in पर उपलब्ध है

**मान.उच्च न्यायालय, खंडपीठ इन्दौर द्वारा याचिका क्र. WP.10772/2024 एवं WP.9401/2024 आदि में दिनांक 21.मई.2024 को पारित स्थगन आदेश के परिप्रेक्ष्य में**

**न्यूनतम वेतन एवं**
**परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की दरें**
**दिनांक 01.04.2024 से**

01 से 36, 39 से 55 एवं 57 से 66, 68, 70 से 72 तक कुल 67 नियोजन


| | |
|---|---|
| 67 नियोजन | पृष्ठ क्र. 03-15 |
| प्रदेश के विभिन्न शासकीय एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हेतु अनुसूची-"क" | पृष्ठ क्रमांक 16 |
| कृषि नियोजन | पृष्ठ क्र. 17-19 |
| बीडी नियोजन | पृष्ठ क्र. 20-28 |
| अगरबत्ती नियोजन | पृष्ठ क्र. 29-35 |
| अन्य | पृष्ठ क्र. 36-38 |

## श्रम आयुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर

क्रमांक 1/11/अन्वे/पांच/2024/ 14567-816 इन्दौर, दिनांक 24/05/2024

### अधिसूचना

मध्य प्रदेश राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 की धारा 2(घ) में निहित प्रावधान, सहपठित मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3761/613/16-ए/82, दिनांक 25.05.1982 के अनुसरण में, मैं स्वतंत्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश एतदद्वारा अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जो कि भारत सरकार के लेबर ब्यूरो, शिमला से ज्ञात किया गया, माह जुलाई,2023 से दिसंबर,2023 तक के माहों के लिए निम्नानुसार प्रकाशित करता हूं:-

| माह / वर्ष | अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 2001=100) |
|---|---|
| जुलाई, 2023 | 402.34 |
| अगस्त, 2023 | 400.90 |
| सितम्बर, 2023 | 396.00 |
| अक्टूबर, 2023 | 398.59 |
| नवम्बर, 2023 | 400.61 |
| दिसम्बर, 2023 | 399.74 |
| **योग/औसत सूचकांक** | 2398.18 ÷6 = 399.70 (400) |

तथा इनका औसत 400 घोषित करता हूं, जो कि अधिसूचित नियोजनों के श्रमिकों के लिये औसत निर्वाह व्यय सूचकांक (कास्ट ऑफ लिविंग इंडेक्स नंबर) रहेगा। जिसके आधार पर श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक 41(बी)-1-2014-ए-सोलह, दिनांक 29.09.2014 (मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 41 दिनांक 10.10.2014 में प्रकाशित) में अधिसूचित नियोजनों के श्रमिकों को दिनांक 01.04.2024 से परिवर्तनशील महगाई भत्ता देय है।

म.प्र.राजपत्र दिनांक 10 जून,2016 के पृष्ठ क्रमांक 670-671 पर प्रकाशित श्रम विभागीय अधिसूचना, क्रमांक एफ.4(सी)1-2013/अ-16 के अनुसार राज्य के कतिपय नियोजनों के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की दरें पुनरीक्षित की गई है, जो अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 241 (जनवरी-जून,2014), 2001=100 को आधार मानकर संबद्ध की गई है। जो कि दिनांक 10 जून,2016 से लागू है।

(स्वतंत्र कुमार सिंह)
श्रमायुक्त,
मध्य प्रदेश, इन्दौर
तथा न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948
के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी

## श्रम आयुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर

**परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की संगणना एवं पुनरीक्षित दरों के संबंध में विवरणात्मक टीप :-**

मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 10.10.2014 के पृष्ठ क्र. 358 से 380, 384 से 394 एवं 395 से 400 पर प्रकाशित श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक 41 दिनांक 10.10.2014 के अनुसार राज्य के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की दरें पुनरीक्षित की गई है, जो अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 241 (जनवरी-जून,2014) 2001=100 को आधार मानकर संबद्ध की गई है।

श्रमायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, इन्दौर की अधिसूचना क्रमांक 1/11/अन्वे./पांच/2024/ 14567-816 दिनांक 24-05-24 के अनुसार जुलाई,2023 से दिसंबर,2023 तक की अवधि में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का औसत 400 रहा है। गत छः माही का औसत 386 रहा था। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 386 के ऊपर (400-386)= 14 औसत बिन्दुओं की वृद्धि हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप 67 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के लिए परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता रूपये 25/- प्रतिबिन्दु प्रतिमाह के मान से रूपये (25X14)= 350/- प्रतिमाह की वृद्धि हुई है। तदनुसार अर्द्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 241 (2001=100) के ऊपर कुल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (400-241) = 159 औसत बिन्दुओं की वृद्धि हुई है एवं इस तरह परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की कुल राशि रूपये (25X159)= 3975/-प्रतिमाह या (3975÷26) रूपये 152.88 प्रतिदिन एवं अकुशल श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 253 (2001=100) के ऊपर कुल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (400-253)= 147 औसत बिन्दुओं की वृद्धि हुई है एवं इस तरह परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की कुल राशि (25X147)= 3675/-प्रतिमाह या (3675÷26) रूपये 141.35 प्रतिदिन रूपये दिनांक 01.04.2024 से देय है। (अनुसूची- अ, ब, स के लिए)।

मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक 303/आर/577/92/नि-5/4, दिनांक 30 जून,1992 तथा मध्यप्रदेश राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 की धारा 2(घ) में निहित प्रावधान सहपठित मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3761/613/16-ए/82, दिनांक 25.05.1982 के अनुसरण में, मैं एतदद्वारा शासकीय दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये दैनिक वेतन की दरें सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए अनुसूची-"क" के अनुसार निर्धारित करता हूं जो दिनांक 01.04.2024 से देय है।

## अनुसूची – अ

**67 अनुसूचित नियोजनों में मासिक एवं दैनिक वेतन दरें जिसमें परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सम्मिलित है (आंकडे रूपयों में)**

| न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर | श्रमिकों का वर्ग | न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन | | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| दिनांक 01.10.2023 से 31.03.2024 तक | | | | | | | | दिनांक 01.04.2024 से देय | | | | | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. | 12. | 13. | 14. | 15. |
| 6500 | 250.00 | 3325 | 127.88 | 9825 | 377.88 | 378 | अकुशल | 6500 | 250.00 | 3675 | 141.35 | 10175 | 391.35 | 391 |
| 7057 | 271.42 | 3625 | 139.42 | 10682 | 410.85 | 411 | अर्द्धकुशल | 7057 | 271.42 | 3975 | 152.88 | 11032 | 424.31 | 424 |
| 8435 | 324.42 | 3675 | 139.42 | 12060 | 463.85 | 464 | कुशल | 8435 | 324.42 | 3975 | 152.88 | 12410 | 477.31 | 477 |
| 9735 | 374.42 | 3625 | 139.42 | 13360 | 513.85 | 514 | उच्चकुशल | 9735 | 374.42 | 3975 | 152.88 | 13710 | 527.31 | 527 |

**<u>स्पष्टीकरण</u> –**

(1) मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउण्ड-अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जावेगी। वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ.9-7/2006/नियम/चार, दिनांक 20 सितंबर,2006 में 50पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हो तो, उन्हे अगले उच्चतर रूपये में पूर्णांकित किया जावेगा और 50पैसे से कम राशि को छोड दिया जावेगा। **विशेष टीप** : उपर्युक्त अनुसूची-क में निर्धारित दैनिक वेतन की दरें 30 दिन से विभाजित कर निर्धारित की गई है, इसलिए सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को वेतन सहित साप्ताहिक अवकाश देय होगा, अर्थात मासिक वेतन में से साप्ताहिक अवकाश के लिए कोई कटोत्री नहीं की जा सकेगी।

(2) अकुशल श्रमिकों के लिए दर्शाई गई वेतन दरों पर लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 253 (2001=100) जुलाई,2014 से दिसंबर,2014 के आधार आंकडों के औसत पर आधारित है। 253 सूचकांक के उपर प्रति 6 माह में जो औसत वृद्धि होगी, उसी अनुपात में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि दिनांक 1 अप्रैल एवं 1 अक्टूबर, जैसी भी स्थिति हो, प्रतिबिन्दु प्रतिमाह 25 रूपये के हिसाब से परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता घोषित किया जावेगा।

(3) इस प्रकार अधिसूचित न्यूनतम वेतन की दरों का प्रवर्तन किसी भी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा, यदि विधमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है, तो वह किसी भी दशा मे कम नहीं की जावेगी, जब तक कि न्यूनतम वेतन की दर उसके समकक्ष नहीं हो जाती है। (न्यू0वेतन अधिनियम,1948 की धारा 12(1-ए)

टीप – न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 के अंतर्गत 67 अधिसूचित नियोजनों की सूची परिशिष्ट-अ तथा इस संबंध में स्पष्टीकरण परिशिष्ट-ब में देखें।

(स्वतंत्र कुमार सिंह)

श्रमायुक्त,

मध्य प्रदेश, इंदौर

<u>परिशिष्ठ - अ</u>

## न्यूनतम मजदूरी अधिनियम,1948 के अंतर्गत अनुसूचित नियोजन जिनमें वेतन निर्धारित है

| क्र. | अनुसूचित नियोजन भाग – एक |
|---|---|
| 1 | किसी कपास जिनींग एवं प्रोसेसिंग कारखाने में नियोजन |
| 2 | किसी वृन लगाने तथा वन उपज में नियोजन |
| 3 | किसी मार्गो के निर्माण या सम्हाल या भवन निर्माण कार्य में नियोजन |
| 4 | किसी लोक मोटर परिवहन में नियोजन |
| 5 | किसी इंजीनियरिंग उद्योग में नियोजन |
| 6 | किसी सिंचाई कार्यो के निर्माण तथा संधारण में नियोजन |
| 7 | किसी केमिकल तथा फार्मास्युटिकल्स में नियोजन |
| 8 | किसी आरा मिल में नियोजन |
| 9 | किसी तेल मिल में नियोजन |
| 10 | किसी चांवल मिल या आटा मिल या दाल मिल में नियोजन |
| 11 | किसी मुर्रा पोहा निर्माणी में नियोजन |
| 12 | किसी खाद्य पदार्थ में जिसमे केक, बिस्किट्स, कन्फेक्शनरी, आईस्क्रीम, आईसकैंडी सम्मिलित है, के निर्माण में नियोजन |
| 13 | किसी पत्थर तोडने या पत्थर पिसने के कार्य में नियोजन |
| 14 | किसी दूकान, वाणिज्यिक संस्थान, आवासीय होटल, रेस्टॉरेंट तथा नाट्यगृह में नियोजन |
| 15 | किसी मुद्रणालय में नियोजन |
| 16 | किसी सीमेंट पोल अथवा सीमेंट से निर्मित उत्पाद में नियोजन |
| 17 | किसी प्लास्टिक उद्योग में नियोजन |
| 18 | किसी फ्यूएल कोक में नियोजन |
| 19 | किसी चूना भट्टे में नियोजन |
| 20 | किसी ईट भट्टे में नियोजन |
| 21 | किसी पॉवरलूम/जिसमें सायजिंग एवं प्रोसेसिंग भी सम्मिलित है, में नियोजन |
| 22 | किसी स्थानीय प्राधिकरण में नियोजन |
| 23 | किसी कोसा उद्योग में नियोजन |
| 24 | किसी खाण्डसारी उत्पादन में नियोजन |
| 25 | किसी पॉटरीज जिसमें रिफ्रेक्टरी सामान, फायरब्रिक्स, सेनिटरी वेअर, इन्सुलेटर्स, टाईल्स, (सीमेंट से निर्मित टाईल्स को छोड़कर) स्टोन वेअर पाईप्स, फरनेस, लाईनिंग ब्रिक्स तथा अन्य सीरेमिक्स सामान सम्मिलित है, में नियोजन |
| 26 | किसी कम्बल निर्माण कार्य में नियोजन |
| 27 | किसी स्लेट, पेंसिल निर्माण शाला में नियोजन |
| 28 | किसी कत्था उद्योग में नियोजन |
| 29 | किसी रामरज, गेरू के निर्माण में नियोजन |
| 30 | किसी हथकरघा उद्योग में नियोजन |
| 31 | किसी ब्रेनमिल में नियोजन |
| 32 | किसी टाईल्स, जिसमें मेंगलौर टाईल्स, अलाहाबाद टाईल्स तथा अन्य स्थानीय नाम में प्रचलित टाईल्स सम्मिलित है, परन्तु सीमेंट से निर्मित टाईल्स सम्मिलित नही है, के निर्माण में नियोजन |
| 33 | किसी विनिर्माण प्रक्रिया जिसमें विनिर्माण प्रक्रिया जो कि कारखाना अधिनियम,1948 की धारा दो(क) में परिभाषित की गई है, चलाई जाती है। जो अनुसूची में दी गई किसी अन्य प्रविष्ठि के अंतर्गत नहीं आती है, में नियोजन |
| 34 | किसी प्रायवेट अस्पताल जिसमें परामर्श केन्द्र तथा विकृति विज्ञान (पेथालॉजिकल) प्रयोगशाला सम्मिलित है, में नियोजन |

| | |
|---|---|
| 35 | किसी प्रायवेट शैक्षणिक संस्था, जिनमें कोचिंग केन्द्र भी सम्मिलित है, में नियोजन |
| 36 | किसी तैयार किये गये (रेडिमेड) वस्त्र विनिर्माणशाला में नियोजन |
| 39 | किसी खदान जैसे कंकड, मुरम, लेट्राईट, बोल्डर, ग्रावेल शिंगडा, साधारण रेती, बिल्डिंग स्टोन, रोड मेटल, अर्थ फुलर्स, अर्थ और लाईम स्टोन तथा अन्य खदान जो खान अधिनियम की धारा 3 के अधीन छूट प्राप्त है, में नियोजन |
| 40 | किसी ऑटोमोबाईल्स कर्मशाला एवं मरम्मत हेतु संचालित गैरेजेस में नियोजन |
| 41 | किसी बेकरी में नियोजन |
| 42 | किसी कोल्ड स्टोरेज (शीतागार) में नियोजन |
| 43 | किसी दुकान तथा वाणिज्यिक स्थापना में नियोजन |
| 44 | किसी होटल रेस्टोरेन्ट तथा भोजनालय में नियोजन |
| 45 | किसी सिनेमागृहों या थियेटरों में नियोजन |
| 46 | किसी क्लब में नियोजन |
| 47 | किसी आसवानी या किसी अल्कोहलयुक्त |
| 48 | किसी अधिवक्ता या अटार्नी के कार्यालय में नियोजन |
| 49 | किसी हेअर कटिंग सेलून या ब्यूटी पार्लर में नियोजन |
| 50 | किसी उर्वरक या पेस्टीसाईड (कीटनाशक दवा) के विनिर्माण में नियोजन |
| 51 | किसी ड्रिलिंग प्रचालन या टयूबवेल के अनुरक्षण में नियोजन |
| 52 | किसी इलेक्ट्रॉनिक्स या सहबद्ध कार्य में नियोजन |
| 53 | किसी पेट्रोल या डीजल पम्पों में नियोजन |
| 54 | मिटटी के किसी खुदाई कार्य में नियोजन |
| 55 | किसी सोने और चांदी की वस्तुओं के विनिर्माण में नियोजन |
| 57 | किसी ऑटो रिक्शा और टेक्सी चलाने के कार्य में नियोजन |
| 58 | किसी विपणन सोसायटियों, उपभोक्ता को-ऑपरेटिव्ह सोसायटी और सहकारी बैंक (को-ऑपरेटिव बैंक में नियोजन) |
| 59 | किसी होजयरी में नियोजन |
| 60 | किसी साबुन निर्माण (जिसमें डिटरजेंट भी शामिल है) में नियोजन |
| 61 | किसी डेयरी और दूध से उत्पादित वस्तुओं में नियोजन |
| 62 | किसी खिलौना निर्माण, जिसमें कपडे से निर्मित खिलौने भी सम्मिलित है, में नियोजन |
| 63 | किसी सुरक्षा कार्य तथा डिटेक्टिव सेवाओं में नियोजन |
| 64 | किसी कुरियर तथा गैर सरकारी डाक सेवाओं में नियोजन |
| 65 | किसी डाटा प्रोसेसिंग कार्य में नियोजन |
| 66 | किसी अचार, बड़ी, पापड तथा ऐसे ही खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण में नियोजन |
| 68 | किसी दवाईयों एवं अन्य वस्तुओं के विक्रय संवर्धन कार्यों में नियोजन |
| 70 | किसी सफाई कार्य में नियोजन |
| 71 | किसी पुरातात्विक कार्य में नियोजन |
| 72 | किसी सूचना प्रौद्योगिकी कार्य में नियोजन |
| | **भाग – दो** |
| 1 | कृषि मे नियोजन |

(स्तवंत्र कुमार सिंह)

श्रमायुक्त,

मध्य प्रदेश, इंदौर

परिशिष्ठ - ब

## स्पष्टीकरण

1. इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिये (1) इस अधिसूचना के द्वारा जो मासिक वेतन निर्धारित किया गया है, वह कैलेंडर माह की समाप्ति पर देय होगा, यदि किसी कर्मचारी ने अधिनियम एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियम के अनुसार संबंधित केलेण्डर मास के समस्त अवकाश के दिनों का लाभ उठाया हो और यदि किसी संदर्भ में एक दिन का वेतन संगणित करना हो तो उपरोक्तानुसार निर्धारित मासिक वेतन को 26 से भाग देकर संगणित किया जावेगा।

2. कर्मचारियों के प्रकार जो विभिन्न वर्गीकरण में बताए गये हैं, वे उदाहरण स्वरूप हैं, न कि विस्तृत तथा ऐसे वर्ग के कर्मचारी जो इस अधिसूचना में सम्मिलित नहीं हैं, के लिए न्यूनतम वेतन की दर वही होगी, जो समान प्रकृति का काम करने वाले कर्मचारी को देय है।

3. कुशल, अर्द्धकुशल, अकुशल तथा उच्च कुशल कर्मचारियों की परिभाषा –

   (क) "कुशल कर्मचारी" से अभिप्रेत है, जो दक्षतापूर्वक कार्य कर सके, काफी स्वतंत्रता से निर्णय, बुद्धि का प्रयोग कर सके तथा जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का पालन कर सके, उसे उस व्यवसाय शिल्प या उद्योग का, जिसमें वह नियोजित किया गया हो, पूर्ण एवं विस्तृत ज्ञान होना चाहिये।

   (ख) "अर्द्धकुशल कर्मचारी" से अभिप्रेत है, जो सामान्यतः रोजमर्रा का एक निश्चित स्वरूप का काम करता हो, जिसमें कि उसमें उतनी निर्णय, बुद्धि, कुशलता तथा निपुणता की अपेक्षा न की जाती हो, किन्तु उसमें सापेक्षित रूप से ऐसे छोटे काम जो उसे सौंपे जाए, उचित रूप से करने की अपेक्षा की जाती हो और उसमें महत्वपूर्ण निर्णय दूसरे व्यक्तियों द्वारा लिये जाते हो, इस प्रकार उसका कार्य बंधे-बंधाये रोजमर्रा के कार्य के करने तक ही सीमित है।

   (ग) "अकुशल कर्मचारी" से अभिप्रेत है, जो ऐसे सरल कार्य करना है, जिसमें स्वतंत्र निर्णय या पूर्ण अनुभव की बहुत कम या बिल्कुल आवश्यकता नही पड़ती। यद्यपि व्यवसायिक परिस्थितियों से परिचित होना आवश्यक होता है। इस प्रकार शारीरिक श्रम के अलावा उसे विभिन्न वस्तुओं तथा माल तथा सेवाओं से परिचित होना चाहिए ।

   (घ) "उच्च कुशल कर्मचारी" वह है, जो तकनीकी एवं विशिष्ठ स्वरूप का कार्य करने में पूर्ण रूप से दक्ष हो, काफी स्वतंत्रता से निर्णय, बुद्धि का प्रयोग कर जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का पालन कर सके एवं तकनीकी डिग्री एवं डिप्लोमाधारी हो, उसे व्यवसाय, तकनीक शिल्प या उद्योग का जिसमें वह नियोजित किया गया हो, पूर्ण एवं विशिष्ठ ज्ञान होना अपेक्षित है।

   अति कुशल कार्य से अभिप्रेत ऐसा कार्य है, जिसे करने के लिए सघन तकनीकी या व्यवसायिक प्रशिक्षण या कतिपय उचित अवधि के व्यवहारिक कार्य अनुभव से अर्जित संपूर्णता और पूर्ण सक्षमता की आवश्यकता होती है और कर्मकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह इन कार्यों के निष्पादन के बाबद किये जाने वाले निर्णयों या विनिश्चयों के लिए पूरा जिम्मेदार है।

उच्च कुशल या अतिकुशल कर्मचारी वह है, जिसने किसी स्तरीय तकनीकी या व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उचित अवधि का व्यवहारिक कार्य अनुभव प्राप्त किया हो। जिसके आधार पर उसे सौंपे गये कार्य को दक्षतापूर्वक एवं काफी हद तक स्वतंत्रतापूर्वक अपनी बुद्धि का प्रयोग करते हुए संपादित कर सकता हो तथा कार्य संपादन में तात्कालिक रूप से आवश्यक सामान्य निर्णय ले सकता हो। ऐसा कर्मचारी तकनीकी डिग्री या डिप्लोमाधारी हो, जिन्हें उस व्यवसाय, तकनीकी, शिक्षा या उद्योग का समुचित ज्ञान हो, जिसमें वह नियोजित किये जा रहे हैं।

4. इस प्रकार अधिसूचित न्यूनतम वेतन की दरों का प्रवर्तन किसी भी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा, यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है, तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, जब तक की न्यूनतम वेतन की दर उसके समकक्ष नहीं हो जाती है। (न्यूनतम वेतन की धारा 12(1-ए) ।

5. किसी भी स्थापना अथवा उपक्रम में प्रचलित वेतन दरें अधिसूचित मूल न्यूनतम वेतन दरों तथा देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते के योग से अधिक होने पर यह समझा जावेगा कि स्थापना या उपक्रम द्वारा अधिसूचित मूल न्यूनतम वेतन दर तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते दिये जाने का पालन किया जा रहा है। यदि स्थापना या उपक्रम द्वारा देय न्यूनतम वेतन एवं परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते का योग अधिसूचित न्यूनतम वेतन एवं परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते के योग से कम है, तो श्रमिक अंतर की राशि के लिए पात्र होंगे।

6. न्यूनतम वेतन की दरों में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (क्रमांक 11 सन 1948) की धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन परिकल्पित किए अनुसार विश्राम दिवस के संबंध में पारिश्रमिक सम्मिलित है।

7. जहां कर्मचारी खण्ड दर पर नियोजित हो, और इस अधिसूचना में उसके लिए खण्ड दर इस प्रकार निर्मित की जाए, जो आठ घण्टे दैनिक, छः दिन कार्य करते हैं, एवं एक दिन सवैतनिक अवकाश देने पर समय-समय पर निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम न हो।

8. यदि एक से अधिक नियोजनों में एक ही स्वरूप का कार्य होता है, तो कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर दरें देय होगी।

9. कर्मचारियों के प्रकार जो विभिन्न वर्गीकरण में बताये गये है, वे उदाहरण स्वरूप हैं, न कि विस्तृत तथा ऐसे वर्ग के कर्मचारी जो इस अधिसूचना में सम्मिलित नहीं है, के लिए न्यूनतम वेतन की दर वही होगी जो समान प्रकृति का काम करने वाले कर्मचारी को देय है। श्रमिकों एवं कर्मचारियों के वर्गीकरण की सूची संलग्न है।

(स्तवंत्र कुमार सिंह)
श्रम आयुक्त,
मध्य प्रदेश, इन्दौर

## अकुशल, अर्द्ध कुशल, कुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों एवं कर्मचारियों के वर्गीकरण की उदाहरणार्थ सूची :-

**अकुशल –**

मजदूर (पुरूष एवं महिला), भिश्ती, स्वीपर, क्लीनर/हेल्पर, अप्रशिक्षित माली, चपरासी/ प्यून/ भृत्य, चौकीदार, आईल डालनेवाला, वाटरमेन, खल्लासी, व्हीकल अटेण्डेंट, पहरेदार, कुली, डाक रनर, वॉचमेन, बॉटल क्लीनर, वेटर, सर्विस-मेन, गेटकीपर, ट्रॉली बॉय, पोस्टरमेन, वेन्डर, प्रेसमैन, छेडेवाला, सिलाई ओपनिंग, डपिंग कार्य करने वाला, चरवाहा, कांजी हाउस मेन, लायसेंस्ड वेंडर, बालवाडी आया, ग्राम लक्ष्मी, जमादार, मजदूर प्याउ पर पानी पिलाने वाला, रोलकटर, जिन मुकादम, जिन मुकादमी, कपास कैरियर (डालेवाला), गली बेग फिलर, लिटकेरियर, कॉटनशीटस कैरियर, कपास पिकर, जिन फीडर, झाडूवाला, बोडेवाली, वाशर, वाहन की सफाई करने वाला, सफाई कर्मचारी, कोसा फलों की गिनती करने वाला, कोसा फलों को छांटने वाला, कोसा फलों को भाप देने वाला, कोसा फलों को सुखाने वाला, कोसा फलों की नस्सी काटने वाला, कोसा फलों को बोरी में भरने वाला, बोरों की सिलाई करने वाला, गन्ना डालने वाला, खोई सुखाने के काम में लगे श्रमिक, रसोइये के सहायक, हवलदार, कार्डिंग लेफा पैकर, बोरी भराई, छनाई, ढुलाई, वेगन लदाई या खाली कराई के काम में लगे श्रमिक, आया, वार्डबॉय, सेक्युरिटी गार्ड/सुरक्षाकर्मी, अटेन्डर, अटेन्डेंट, वार्ड सप्लायर, पेंटर, सजावट करने वाला (महिला एवं पुरूष), फायरमेन, श्रमिक (किलन्स), सेटर्स (किलन्स), चादर में गोटा लगाने वाला, हम्माल, रेजा, हड्डी ढोने तथा साफ करने वाला, मिट्टी ढोने एवं भरने वाला, प्रेस का काम करने वाला, लॉण्ड्रीमेन, वॉशरमेन, लोडिंग-अनलोडिंग, माला गूंथना, पापड बेलने का कार्य, बेलबॉय, वेटर, रूम अटेंडेन्ट, धागा कटिंग, चेकिंग, बाटल एवं डिब्बे की सफाई धुलाई वाला, लिफटर, सफाई कामगार तथा अन्य अकुशल श्रमिक आदि।

**अर्द्ध कुशल –**

टार स्प्रेअर, टार हेण्डलर, कारपेट ड्रेसर, व्हाईट वाशिंग/सफेदी वाला, टाईल टर्नर, प्रेशर, टाईपिस्ट, क्लर्क, मोहर्रिर, सहायक मिस्त्री, लाईनमेन, सहायक बिजली मिस्त्री, सहायक आपरेटर-वाटर वर्क्स, कोबलर, हाफ प्रेसमेन, बिल मैन, सहायक मैकेनिक, सहायक फिटर, सहायक टर्नर, सहायक ड्रिलर, सहायक ग्राईन्डर, सहायक कारपेन्टर, सहायक पेन्टर, सहायक टिंकर, सहायक ब्लेकस्मिथ, सहायक मोल्डर, सहायक वेल्डर, सहायक वल्कनाईजर, सहायक इलेक्ट्रिशियन, सहायक शेपरमेन, सहायक पैटर्न मेकर, सहायक ग्रीसर, सहायक आईलर, सहायक टायर फीटर, चालक (हल्के वाहन), परिचालक, जांच करने वाला निरीक्षक, वालमेन, फायरमेन, लिपिक, पम्प अटेन्डेंट, व्हीलबरो कैरियर, क्वेरीमेन, व्हायटनिंग, क्लीनिंग, प्रेसरी ड्रायवर, टेबलेट मशीन आपरेटर, बोतल फिलर, केप्सूल फीलर, पैकिंग, लेबलिंग के कार्य में लगे श्रमिक, मुकादम, आईलमेन, मेट, हेड मजदूर, वायरमैन, एक्सपेलर मेन, मशीन अटेन्डेंट, बिल कलेक्टर, बिल क्लर्क, रिवाईन्डर, बुकिंग सहायक, सहायक रसोइया, पेटीमैन, सहायक सेल्समेन, मसालची, सहायक मेसन, गारेवाला, मिट्टी गूंथने वाला या मिट्टी का घोल बनाने वाला तथा निकालने वाला, भट्टे या चिमनी पर ईंट जमाने वाला, मशीन फोलर, स्टीपर फोलर, हेडफोलर, काटाफोलर, गांठवाला, सहायक जॉबर, सहायक सचिव, जनपद पंचायत/ ग्राम पंचायत, साईजर, मशीन पर कोसा फल से धागा निकालना तथा धागे को मशीन से ट्विस्ट करने के कार्य में लगे श्रमिक, सहायक सुपरवाईजर, फोरमेन के सहायक, शक्कर बनाने वाला कारीगर, फिनिशिंग कार्य में सहायक, कताई कर्मचारी, उन कताई कार्य के कतिने, कटर होजियरी, चीफर, सहायक पैन आपरेटर, सहायक सार्टर, मुंशी, फार्मेसी असिस्टेंट, एक्सरे असिस्टेंट, ई.सी.जी.असिस्टेंट, असिस्टेंट कंपाउन्डर, असिस्टेंट नर्स, लिफटमेन, सहायक सिक्युरिटी सुपरवाईजर, कॉपिस्ट, असिस्टेंट हेमरमेन, सहायक मशीन ऑपरेटर, मशीन अटेंडेंट, पम्प खलासी, डम्पिंगवाला, सिलाईवाला, हेल्पर, किलन्स शॉप श्रमिक, पंच ऑपरेटर एवं मैक्समूलर, किलन्स श्रमिक, ब्लेजर पैन

मिल, फ्रिक्शन, किलन्स अनलोडर्स, होजियरी मशीन हेल्पर, सहायक बेन्डसा ऑपरेटर, चिपर, मेकेनिक कम हेल्पर, बेन्डसा मेकेनिक कम हेल्पर, सहायक शाल्टर, सहायक मशीनमेन, बिक्री सहायक, सूत स्टॉक इंचार्ज, मशीन आपरेटर, सहायक मिक्सरमैन, सहायक टेक्निशियन, डार्करूम सहायक, सहायक जिम ट्रेनर, सहायक गेम्स ट्रेनर, सहायक कोच, सहायक माली, सहायक कुक, बुकिंग क्लर्क, थ्रेसर, आया, पेकिंग वाले, लेअर मेन, शर्ट के पल्ले बिछाने वाला, लूप्स टकिंग, सहायक आभूषण कारीगर, सहायक पॉलिश वाला, असिस्टेंट सुपरवाईजर, सहायक केमिस्ट, सहायक प्लांट ऑपरेटर, सहायक गाईड, केअर टेकर, माड्यूलर सह आर्टिस्ट, वर्क सहायक, सहायक सर्वेयर, जेनीटर, वेक्यूम क्लीनर तथा अन्य अर्द्धकुशल कर्मचारी आदि।

**कुशल –**

गोताखोर, शावेल एण्ड क्रेन लाईन मोबाईल क्रेन ऑपरेटर, केमिस्ट, ड्रिलिंग मशीन ऑपरेटर, मेसन, प्लम्बर, पॉलिश पेंटर, वायरमेन, इलेक्ट्रिशियन (आई.टी.आई. पास या मध्यप्रदेश अनुज्ञापन मण्डल से लायसेंसधारी), केबिनेट मेकर, चार्जमेन, एक्सपेलर मास्टर, एकाउन्टेंट, केशियर, गोडाउनकीपर, फीटर, बॉयलर अटेंडेंट, टर्नर, मोल्डर, जे.सी.बी. ऑपरेटर, इंजिन ड्रायवर, ट्रेक्टर ड्रायवर, ट्रक ड्रायवर, डम्पर ड्रायवर, रोडरोलर ड्रायवर, चालक(भारी वाहन), ऑटो चालक, टेक्सी चालक, ड्रिलर, ग्राइन्डर, मैकेनिक, वेल्डर, टाईमकीपर, प्रेशर मेन, राईस मिस्त्री, सुपरवाईजर, खानसामा, कुक, तंदूरची, टी-मास्टर, आईर मास्टर, कारीगर, मिठाई बनाने वाला कर्मचारी, पोहा बनाने वाला, कम्पोजिटर, टाईपकास्टर, हेडक्लर्क, सचिव, जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत, पर्यवेक्षक, आयुर्वेदिक वैद्य, शिक्षक बालवाडी या अशासकीय, ऑपरेटर वाटर वर्क्स, उपयंत्री बिजली, वाचनालय संयोजक, सिनियर गार्ड, फायरमेन, फिल्टर इंचार्ज ऑपरेटर, मुनीम, वुड पॉलिशर, बोरर, टिनस्मिथ, मुख्य लिपिक, स्टोरकीपर, ब्लेकस्मिथ, शेपर, वल्कनाईजर, टिकर, फ्रेममेकर, अपहोलस्टर, कारपेंटर, टेलिफोन ऑपरेटर, वायरलेस ऑपरेटर, पैटर्नमेकर, हैमरमेन, ग्रीसर, प्रयोगशाला तकनिशियन/ लेब्रोरेटरी टेक्निशियन, शॉवल, बेलसिंकर, प्रयोगशाला सहायक, वैथमिक्सर, प्लाण्ट अटेंडेंट, मोटरमेन, भट्टी वाला, पेंटर, फोटोकॉपी ऑपरेटर, लोडर्स, अनलोडर्स, लाईन पेकर्स, बिजली मिस्त्री, सिरामिस्ट, टूल्स इंचार्ज, लैथ मशिनिस्ट, कताई इंचार्ज, कम्प्रेसर ऑपरेटर, लॉण्ड्री अटेंडर, कम्प्यूटर टायपिस्ट, सिक्युरिटी सुपरवाईजर, सीनियर कम्पाउण्डर, सीनियर नर्स, रेकार्डकीपर, ओ.टी.मैकेनिक, व्यवस्थापक, छात्रावास प्रभारी(वार्डन), दर्जी, रोलर मिस्त्री, तकनीकी कार्य करने वाला व्यक्ति, वाईपर मास्टर, सूत वितरित करने वाला व्यक्ति, बोनक्रशर, चरखा चालक, मास्टर (कारीगर), जेकार्ड बुनकर, बुनकर, फ्रेमलूम मास्टर, थ्रेसरमेन, पेंटर, वरिष्ठ लेखापाल, स्टोरकीपर, मशीन ऑपरेटर, वुड पॉलिशर, ड्रायक्लीन डीजर, स्क्रेपर, डीजल पम्प आपरेटर, सीनियर मेकेनिक, केमिस्ट/ लेबोरेटरी के सहायक, टेकनीशियन के सहायक, लायब्रेरियन (ग्रंथपाल), पाईपमेलर ऑपरेटर, पॉलिशर, टूल्स इंचार्ज (मेट, फिलिन), मेट, आर्ट सुपरवायजर, वेड पेन ऑपरेटर, मैकेनिक कम ऑपरेटर, वेंडर्स, पेटस मेकेनिक कम आपरेटर, सवैतनिक सचिव, सेल्समैन, आर्म्ड सिक्युरिटी गार्ड, वाउन्सर, क्लब मास्टर, जिम ट्रेनर, गेम्स ट्रेनर, कोच, डायटिशियन, मसाजर, केप्टन, बारमैन, स्टयूवर्ड, बेकरी कारीगर, ओघर/भट्टी कारीगर, मशीन से मिट्टी खोदने वाले, आभूषण कारीगर, पॉलिश करने वाला, धातु गलाई-पीटला, तार खिंचना, आभूषण जड़ाई करने वाला, सोप मेकर, प्लाण्ट आपरेटर, टॉय मेकर, स्टिचर, रिसेप्शनिस्ट, माली, डाटा एनलाईजर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, मसाला मिश्रण करने वाला, आटा गूंथने वाला, चेकर, प्रोजेक्ट ऑपरेटर, प्रोजेक्शनिस्ट, रिवाईन्डर, हेडकुक, सर्वेयर, गाईड, सुपरवाईजर, सार्टर, वाइण्डर, मेकेनाइज्ड हाउस कीपींग, सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव तथा अन्य कुशल कर्मचारी।

उच्च कुशल –

मेडिकल एवं इंजीनियर स्नातक, एम.टेक/एम.एस.सी. डिग्री प्राप्त हाईड्रो इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, जियोलॉजिस्ट, स्टेनोग्राफर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सह स्टेनोटाईपिस्ट, इंजीनियरिंग डिप्लोमाधारी, टेक्नीकल डिप्लोमाधारी एवं इसके समकक्ष पद, साफटवेयर इंजीनियर, सिनियर साफ्टवेयर इंजीनियर, कन्सलटेन्ट, सिनियर कन्सल्टेंट, टीम मेम्बर, टीम लीडर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव, सेल्स ऑफीसर, सेल्स प्रमोशन ऑफीसर, एरिया मेनेजर, टेरीटरी मैनेजर, सेल्स एक्जीक्युटिव, साईन्टिफीक ऑफीसर एवं अन्य उच्च कुशल कर्मचारी आदि।

(ऐसा कर्मचारी तकनीकी डिग्री या डिप्लोमाधारी हो, जिन्हें उस व्यवसाय, तकनीकी, शिक्षा या उद्योग का समुचित ज्ञान हो, जिसमें वह नियोजित किये जा रहे हैं)

<u>किसी मुद्रणालय (प्रिंटिंग प्रेस) में नियोजित श्रमिकों के वर्गीकरण की सूची –</u>

उच्च कुशल –

कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टेनोग्राफर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सह स्टेनोटायपिस्ट, इंजीनियरिंग डिप्लोमाधारी, टेक्नीकल डिप्लोमाधारी एवं इसके समकक्ष पद।

**लिपिकीय श्रेणी "एक" जैसे –**

एकाउन्टेंट, केशियर आदि ।

**लिपिकीय श्रेणी "दो" जैसे –**

बिल मेन, टायपिस्ट, क्लर्क आदि ।

**कुशल श्रेणी "एक" जैसे –**

फोटोलिथोग्राफर, लिथोआर्टिस्ट, नेगेटिव स्ट्रीचर, लिथोऑफसेट, प्लेटमेकर, लिथोप्रेसमेन, लिथोऑफसेट प्लेटमेकर, लिथोऑफसेट कॉपी पेस्टर, , लिथोऑफसेट प्रिन्टर तथा लेथब्लेड प्रिन्टर, लिथोऑफसेट ट्रांसफर प्रिन्टर आदि ।

**कुशल श्रेणी "दो" जैसे –**

केमरा ऑपरेटर, कमर्शियल आर्टिस्ट, ड्राफ्टमैन, हेड कम्प्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, ऑफटिनएचर, ड्रायकलरेचर, लाईनो ऑपरेटर, लाईनो मेकेनिक, मेकेनिक मोनोटाईप, की-बोर्ड ऑपरेटर, मोनोटाईप मेकेनिक, रोटरी प्रेसमेन, सेक्शन होल्डर, सिनियर रीडर आदि।

**कुशल श्रेणी "तीन" जैसे –**

कम्पोजिटर, टाईपकास्टर, ट्रांसफर प्रिन्टर, सिलेण्डर प्रेसमेन, गिल्डर कारपेंटर, ट्रेडल प्रेसमेनएचर, गिलेटिन ऑपरेटर, रिवाइन्डर स्ट्रीचर मशीनमेन, कटर, बाईन्डर, सिविंग मशीनमेन, रूलिंग मशीन मेन, वायर स्ट्रीचर आदि।

**अर्द्ध कुशल श्रेणी "एक" जैसे –**

लिथोऑफसेट, फिटरमेन, असिस्टेंट प्रेसमेन, वार्निशमेन, वेक्सीनर, वॉक्सीन मशीनमेन, असिस्टेंट प्लेटमेकर, असिस्टेंट ट्रांसफर प्रिन्टर, असिस्टेंट लिथोआर्टिस्ट, टचरप्लेट, ग्रेनर स्टोन पॉलिशर, असिस्टेंट कॉपी पेस्टर, असिस्टेंट कटर, असिस्टेंट रोटा प्रिंटिंग आदि।

**अर्द्ध कुशल श्रेणी "दो" जैसे –**

स्टेंडिंग फार्मकीपर, ट्रेसर, फोल्डिंग मशीनमेन, जूनियर रीडर, बाक्स पंचर, हेण्डबॉक्स या इन्वहलप मेकर, डिस्ट्रीब्यूटर, असिस्टेंट केमरा आपरेटर, असिस्टेंट एचर, लेटर प्रेस फिटर, काउण्टर चेकर, नम्बर या पेजिंगमेन, चेकर प्रुफ कलर या गेली प्रेसमेन, टाईपप्रेसर, रोलर मेकर या कास्टर, इंक ग्राइन्डर, परफोरेटर, लेबर पंचर, रूलिंग फिडर, विमिंगमेन, ड्रायवर, डार्करूप असिस्टेंट, फाउण्ड्री, असिस्टेंट ग्राइंडिंग ऑपरेटर, जूनियर कम्पोजिटर, जूनियर बाईन्डर, जूनियर मशील मेन, लाईनोबारमेन, रीटेल सप्लायर फीडर स्टीरियो, टाईपर, टाईप स्टोर कीपर आदि।

**अकुशल श्रेणी जैसे –**

रोटरी बिलर, हेण्डफोल्डर, बालर, हेल्पर बाइंडिंग बायलर क्लीनर, मजदूर आक्जिलरी, गेलीप्रूफ प्रेसमेन, बायलर अटेंडेन्ट, इश्यूचेकर, इंकर, मेटर कास्टर, पेपर सप्लायर, कास्टिंग बाय, रोलर कास्टर, चौकीदार, प्यून, माली, लिथो साधारण ऑफसेट तथा रोटा प्रिंटिंग प्रेस में कार्य करने वाला कर्मचारी आदि।

(स्तयंत्र कुमार सिंह)
श्रम आयुक्त,
मध्य प्रदेश, इन्दौर

## अनुसूची – ब

## किसी स्लेट पैंसिल निर्माण शाला में नियोजन

मासिक एवं दैनिक वेतन दरें जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है (आंकडे रूपयों में)

| न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील महंगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर | श्रमिकों का वर्ग | न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील महंगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन | | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| दिनांक 01.10.2023 से 31.03.2024 तक | | | | | | | | दिनांक 01.04.2024 से देय | | | | | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. | 12. | 13. | 14. | 15. |
| 6500 | 250.00 | 3325 | 127.88 | 9825 | 377.88 | 378 | मजदूर | 6500 | 250.00 | 3675 | 141.35 | 10175 | 391.35 | 391 |
| 6705 | 257.85 | 3625 | 139.42 | 10330 | 397.31 | 397 | पेकर, पट्टी पेकर, सीपर | 6705 | 257.85 | 3975 | 152.88 | 10680 | 410.77 | 411 |
| 8435 | 324.42 | 3625 | 139.42 | 12060 | 463.85 | 464 | मुनीम, लेखाकार, क्लर्क आदि | 8435 | 324.42 | 3975 | 152.88 | 12410 | 477.31 | 477 |
| 9522 | 366.23 | 3625 | 139.42 | 13147 | 505.65 | 506 | रोलर्स, मिस्त्री पाईन्टर्स | 9522 | 366.23 | 3975 | 152.88 | 13497 | 519.12 | 519 |
| 9735 | 374.42 | 3625 | 139.42 | 13360 | 513.85 | 514 | उच्च कुशल | 9735 | 374.42 | 3975 | 152.88 | 13710 | 527.31 | 527 |
| | | | | | | | कटर्स | 10155 | 390.57 | 3975 | 152.88 | 14130 | 543.46 | 543 |

स्पष्टीकरण –

1-मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउण्डअप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जावेगी। वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ.9-7/2006/नियम/चार, दिनांक 20 सितंबर,2006 में 50पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हो तो, उन्हें अगले उच्चतर रूपये में पूर्णांकित किया जावेगा और 50पैसे से कम राशि को छोड दिया जावेगा।

2-अकुशल श्रमिकों के लिए दर्शाई गई वेतन दरों पर लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 253 (2001=100) जुलाई,2014 से दिसंबर,2014 के आधार आंकडों के औसत पर आधारित है। 253 सूचकांक के उपर प्रति 6 माह में जो औसत वृद्धि होगी, उसी अनुपात में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि दिनांक 1 अप्रैल एवं 1 अक्टूबर, जैसी भी स्थिति हो, प्रतिबिन्दु प्रतिमाह 25 रूपये के हिसाब से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता घोषित किया जावेगा।

3-इस प्रकार अधिसूचित न्यूनतम वेतन की दरों का प्रवर्तन किसी भी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा, यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है, तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, जब तक कि न्यूनतम वेतन की दर उसके समकक्ष नहीं हो जाती है। (न्यू0वेतन अधिनियम,1948 की धारा 12(1-ए)

(स्वतंत्र कुमार सिंह)
श्रमायुक्त,
मध्य प्रदेश, इंदौर

# अनुसूची – स

## किसी मुद्रणालय में नियोजन

मासिक एवं दैनिक-वेतन दरें जिसमें परिवर्तनशील महगाई भत्ता सम्मिलित है (आंकडे रूपयों में)

| न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील महगाई भत्ता | | कुल वेतन | | राउंडअप कर दैनिक दर | कर्मचारियों का वर्ग | न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील महगाई भत्ता | | कुल वेतन | | राउंडअप कर दैनिक दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन | | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| दिनांक 01.10.2023 से 31.03.2024 तक | | | | | | | | दिनांक 01.04.2023 से देय | | | | | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. | 12. | 13. | 14. | 15. |
| | | | | | | रूपये | लिपिकीय वर्ग | | | | | | | रूपये |
| 6500 | 250.00 | 3325 | 127.88 | 9825 | 377.88 | 378 | अकुशल | 6500 | 250.00 | 3675 | 141.35 | 10175 | 391.35 | 391 |
| 8435 | 324.42 | 3625 | 139.42 | 12060 | 463.85 | 464 | श्रेणी एक | 8435 | 324.42 | 3975 | 152.88 | 12410 | 477.31 | 477 |
| 7057 | 271.42 | 3625 | 139.42 | 10682 | 410.85 | 411 | श्रेणी दो | 7057 | 271.42 | 3975 | 152.88 | 11032 | 424.31 | 424 |
| 9735 | 374.42 | 3625 | 139.42 | 13360 | 513.85 | 514 | उच्च कुशल | 9735 | 374.42 | 3975 | 152.88 | 13710 | 527.31 | 527 |
| | | | | | | | **कुशल श्रेणी** | | | | | | | |
| 9685 | 372.50 | 3625 | 139.42 | 13310 | 511.92 | 512 | श्रेणी एक | 9685 | 372.50 | 3975 | 152.88 | 13660 | 525.38 | 525 |
| 9378 | 360.69 | 3625 | 139.42 | 13003 | 500.12 | 500 | श्रेणी दो | 9378 | 360.69 | 3975 | 152.88 | 13353 | 513.58 | 514 |
| 8435 | 324.42 | 3625 | 139.42 | 12060 | 463.85 | 464 | श्रेणी तीन | 8435 | 324.42 | 3975 | 152.88 | 12410 | 477.31 | 477 |
| | | | | | | | **अर्द्ध कुशल श्रेणी** | | | | | | | |
| 8435 | 324.42 | 3625 | 139.42 | 12060 | 463.85 | 464 | श्रेणी एक | 8435 | 324.42 | 3975 | 152.88 | 12410 | 477.31 | 477 |
| 7057 | 271.42 | 3625 | 139.42 | 10682 | 410.85 | 411 | श्रेणी दो | 7057 | 271.42 | 3975 | 152.88 | 11032 | 424.31 | 424 |

**स्पष्टीकरण –**

1- मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउण्डअप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जावेगी। वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ.9-7/2006/नियम/चार, दिनांक 20 सितंबर,2006 में 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हो तो, उन्हें अगले उच्चतर रूपये में पूर्णांकित किया जावेगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड दिया जावेगा।

2 अकुशल श्रमिकों के लिए दर्शाई गई वेतन दरों पर लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 253 (2001=100) जुलाई,2014 से दिसंबर, 2014 के आधार आंकडों के औसत पर आधारित है। 253 सूचकांक के ऊपर प्रति 6 माह में जो औसत वृद्धि होगी, उसी अनुपात में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि दिनांक 1 अप्रैल एवं 1 अक्टूबर, जैसी भी स्थिति हो, प्रतिबिन्दु प्रतिमाह 25 रूपये के हिसाब से परिवर्तनशील महगाई भत्ता घोषित किया जावेगा।

3- इस प्रकार अधिसूचित न्यूनतम वेतन की दरों का प्रवर्तन किसी भी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा, यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है, तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, जब तक कि न्यूनतम वेतन की दर उसके समकक्ष नहीं हो जाती है। (न्यू0वेतन अधिनियम,1948 की धारा 12(1-ए)

(स्वतंत्र कुमार सिंह)

श्रमायुक्त,

मध्य प्रदेश, इंदौर

## अनुसूची – क

**मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक वेतन दरें जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है (आंकडे रूपयों में)**

| न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील महंगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर | श्रमिकों का वर्ग | न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील महंगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन | | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| दिनांक 01.10.2023 से 31.03.2024 तक | | | | | | | | दिनांक 01.04.2024 से देय | | | | | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. | 12. | 13. | 14. | 15. |
| 6500 | 216.66 | 3325 | 110.83 | 9825 | 327.50 | 328 | अकुशल | 6500 | 216.66 | 3675 | 122.50 | 10175 | 339.17 | 339 |
| 7057 | 235.23 | 3625 | 120.83 | 10682 | 356.07 | 356 | अर्द्धकुशल | 7057 | 235.23 | 3975 | 132.50 | 11032 | 367.73 | 368 |
| 8435 | 281.16 | 3625 | 120.83 | 12060 | 402.00 | 402 | कुशल | 8435 | 281.16 | 3975 | 132.50 | 12410 | 413.67 | 414 |
| 9735 | 324.50 | 3625 | 120.83 | 13360 | 445.33 | 445 | उच्चकुशल | 9735 | 324.50 | 3975 | 132.50 | 13710 | 457.00 | 457 |

**स्पष्टीकरण –**

(1) मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउण्डअप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जावेगी। वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ.9-7/2006/नियम/चार, दिनांक 20 सितंबर,2006 में 50पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हो तो, उन्हें अगले उच्चतर रूपये में पूर्णांकित किया जावेगा और 50पैसे से कम राशि को छोड दिया जावेगा। विशेष टीप :- उपर्युक्त अनुसूची-क में निर्धारित दैनिक वेतन की दरें 30 दिन से विभाजित कर निर्धारित की गई है, इसलिए सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को वेतन सहित साप्ताहिक अवकाश देय होगा, अर्थात मासिक वेतन में से साप्ताहिक अवकाश के लिए कोई कटोत्री नहीं की जा सकेगी।

(2) अकुशल श्रमिकों के लिए दर्शाई गई वेतन दरों पर लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 253 (2001=100) जुलाई,2014 से दिसंबर,2014 के आधार आंकडों के औसत पर आधारित है। 253 सूचकांक के उपर प्रति 6 माह में जो औसत वृद्धि होगी, उसी अनुपात में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि दिनांक 1 अप्रैल एवं 1 अक्टूबर, जैसी भी स्थिति हो, प्रतिबिन्दु प्रतिमाह 25 रूपये के हिसाब से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता घोषित किया जावेगा।

(3) इस प्रकार अधिसूचित न्यूनतम वेतन की दरों का प्रवर्तन किसी भी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा, यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है, तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, जब तक कि न्यूनतम वेतन की दर उसके समकक्ष नहीं हो जाती है। (न्यू0वेतन अधिनियम,1948 की धारा 12(1-ए)

(स्वतंत्र कुमार सिंह)
श्रमायुक्त,
मध्य प्रदेश, इंदौर

**श्रम आयुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर**

क्रमांक 2/11/अन्वे/पांच/2024/ 14817 - 15066 इन्दौर, दिनांक 24.05.2024

## अधिसूचना

मध्य प्रदेश राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 की धारा 2(घ) में निहित प्रावधान, सहपठित मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3761/613/16-ए/82, दिनांक 25.05.1982 के अनुसरण में, मैं स्वतंत्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश एतदद्वारा अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जो कि भारत सरकार के लेबर ब्यूरो, शिमला से ज्ञात किया गया। माह जुलाई,2023 से दिसंबर,2023 तक के माहों के लिए निम्नानुसार प्रकाशित करता हूं:-

| माह / वर्ष | अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1986-87=100) |
|---|---|
| जुलाई, 2023 | 1215 |
| अगस्त, 2023 | 1224 |
| सितम्बर, 2023 | 1226 |
| अक्टूबर, 2023 | 1241 |
| नवम्बर, 2023 | 1253 |
| दिसम्बर, 2023 | 1257 |
| **औसत सूचकांक** | 7416 ÷ 6 = 1236 (1236) |

तथा इनका औसत 1236 घोषित करता हूं, जो कि परिशिष्ठित नियोजनों के श्रमिकों के लिये औसत निर्वाह व्यय सूचकांक (कास्ट ऑफ लिविंग इंडेक्स नंबर) रहेगा। जिसके आधार पर श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक 4(बी)-1-2014-ए-सोलह, दिनांक 04.03.2014 (मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 41 दिनांक 10.10.2014 में प्रकाशित) में अधिसूचित नियोजनों के श्रमिकों को दिनांक 01.04.2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता देय है।

(स्वतंत्र कुमार सिंह)
श्रमायुक्त,
मध्य प्रदेश, इन्दौर
तथा न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948
के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी

श्रम आयुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर

**कृषि नियोजन में नियोजित कर्मचारियों एवं श्रमिकों के लिये दिनांक 01.04.2024 से 30.09.2024 तक की अवधि हेतु परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की संगणना एवं पुनरीक्षित दरों के संबंध में विवरणात्मक टीप :-**

श्रम विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ.4(बी)/1-2014-ए-सोलह, दिनांक 04.03.2014 (म.प्र.राजपत्र असाधारण भाग 4(ग) दिनांक 10.10.2014) के अंतर्गत कृषि नियोजन में नियोजित कर्मचारियों एवं श्रमिकों के लिए पुनरीक्षित दरों को अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबद्ध किया गया है।

श्रमायुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर की अधिसूचना क्र. 2/11/अन्वे./पांच/2024/14817-15066 दिनांक 24-05-2024 के अनुसार कृषि नियोजन में जुलाई,2023 से दिसंबर,2023 तक की अवधि में अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का औसत 1236 रहा है। गत छः माही का औसत 1180 रहा था। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1180 के ऊपर (1236-1180)= 56 औसत बिन्दुओं की वृद्धि हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप कृषि नियोजनों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता रूपये 6/- प्रतिबिन्दु प्रतिमाह के मान से रूपये (6X56)= 336/- की वृद्धि हुई है। तदनुसार अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 768 (1986-87=100) के ऊपर कुल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (1236-768) = 468 औसत बिन्दुओं की वृद्धि हुई है एवं इस तरह परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की कुल राशि रूपये (468X6)= 2808/- प्रतिमाह या (2808÷30) रूपये 93.60 प्रतिदिन यानी प्रतिमाह मंहगाई भत्ते सहित देय वेतन 5350+2808= रूपये 8158/- तथा 8158÷30= रूपये 271.93 (राउण्ड-अप रूपये 272/-) प्रतिदिन (30 दिन के मान से) दिनांक 01.04.2024 से देय है। (अनुसूची- द के लिए)।

## अनुसूची – द

## कृषि में नियोजन

**मासिक एवं दैनिक वेतन दरें जिसमें परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सम्मिलित है (आंकडे रूपयों में)**

| न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर | श्रमिकों का वर्ग | न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता | | कुल वेतन | | रूपये में राउंडअप कर दैनिक दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन | | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| दिनांक 01.10.2023 से 31.03.2024 तक | | | | | | | | दिनांक 01.04.2024 से देय | | | | | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. | 12. | 13. | 14. | 15. |
| 5350 | 178.33 | 2472 | 82.40 | 7822 | 260.73 | 261 | अकुशल कृषि श्रमिक | 5350 | 178.33 | 2808 | 93.60 | 8158 | 271.93 | 272 |

**स्पष्टीकरण – परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता :-**

(1) न्यूनतम वेतन की दरें तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता, जो लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 768 (1986-87=100) जनवरी से जून,2014 के आधार आंकडों के औसत के ऊपर प्रति 6 माह में हुई औसत वृद्धि के अनुपात में 01 अप्रैल तथा 01 अक्टूबर से प्रतिबिन्दु प्रतिमाह रूपये 6/- (छः रूपये) के मान से देय होगा। 01 अप्रैल से देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की गणना गत जुलाई से दिसंबर तक छः माह के औसत सूचकांक के आधार पर की जावेगी। इसी प्रकार 01 अक्टूबर से देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की गणना गत जनवरी से जून तक छः माह के औसत सूचकांक के आधार पर की जावेगी, जिसकी घोषणा अधिनियम के अंतर्गत नियुक्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित की जावेगी।

(2) मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउण्डअप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जावेगी। वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ.9-7/2006/नियम/चार, दिनांक 20 सितंबर,2006 में 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हो तो, उन्हें अगले उच्चतर रूपये में पूर्णांकित किया जावेगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड दिया जावेगा।

(3) मासिक वेतन पर नियुक्त किसी कर्मचारी का दैनिक वेतन 30 से भाग देकर संगणित किया जावेगा।

(4) अधिसूचित न्यूनतम वेतन की दरों का प्रवर्तन किसी भी कर्मचारी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा, यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है, तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, जब तक कि न्यूनतम वेतन की दर उसके समकक्ष नहीं हो जाती है। (न्यू0वेतन अधिनियम,1948 की धारा 12(1-ए)

(5) इस अधिसूचना के अंतर्गत वेतन दरें महिला एवं पुरूषों के लिए एक समान नियत है।

(6) कृषि नियोजन के अतिरिक्त सभी नियोजनों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन दरों में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) की धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन परिकल्पित किये अनुसार विश्राम दिवस के संबंध में पारिश्रमिक सम्मिलित है।

(स्वतंत्र कुमार सिंह)
श्रमायुक्त,
मध्य प्रदेश, इंदौर

## श्रम आयुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर

क्रमांक 3/11/अन्वे/पांच/2024/ 15067-316 इन्दौर, दिनांक 24-05-2024

### अधिसूचना

न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 की धारा 4(2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी के अधिकार श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर को मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3761/613/16-ए/82, दिनाक 25.05.1982 के द्वारा प्रत्यायोजित किये जाने से, उक्त प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जो कि भारत शासन के लेबर ब्यूरो, शिमला से ज्ञात कर, मैं स्वतंत्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश इन्दौर विगत जनवरी,2023 से दिसंबर,2023 तक के माहों के लिए निम्नानुसार प्रकाशित करता हूं:-

| | माह / वर्ष | अखिल भारतीय बीड़ी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1960=100) |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी, 2023 | 8730.09 |
| 2 | फरवरी, 2023 | 8723.51 |
| 3 | मार्च, 2023 | 8762.95 |
| 4 | अप्रैल, 2023 | 8822.12 |
| 5 | मई, 2023 | 8854.99 |
| 6 | जून, 2023 | 8966.74 |
| 7 | जुलाई, 2023 | 9183.68 |
| 8 | अगस्त, 2023 | 9150.81 |
| 9 | सितम्बर, 2023 | 9039.06 |
| 10 | अक्टूबर, 2023 | 9098.22 |
| 11 | नवंबर, 2023 | 9144.24 |
| 12 | दिसंबर, 2023 | 9124.52 |
| | योग/ औसत सूचकांक | 107600.93 ÷ 12 = 8966.74 (8967) |

तथा उक्तानुसार इनका औसत 8967 घोषित करता हूं, जो कि किसी तम्बाकू (जिसमें बीड़ी बनाना भी सम्मिलित है) के विनिर्माण में नियोजित श्रमिकों के लिये वार्षिक औसत निर्वाह व्यय सूचकांक (एन्युअल एवरेज कास्ट ऑफ लिविंग इंडेक्स नंबर) रहेगा। इस आधार पर श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ-4(सी)1-2013-ए-सोलह, दिनांक 08.12.2014 (मध्यप्रदेश राजपत्र के भाग 4(ग) दिनांक 12 दिसंबर 2014 में प्रकाशित) के द्वारा निर्दिष्ठ परिवर्तनशील महंगाई भत्ता बीड़ी श्रमिकों को दिनांक 01.04.2024 से देय रहेगा।

24

(स्वतंत्र कुमार सिंह)

श्रमायुक्त,

मध्य प्रदेश, इन्दौर

तथा न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948

के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी

**परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की संगणना एवं पुनरीक्षित दरों के संबंध में विवरणात्मक टीप**

श्रम विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ-4(सी)-ए-94-16-ए, दिनांक 5.6.1997 (म.प्र.राजपत्र दिनांक 7.6.1997) एवं श्रम विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ-4(सी) 1-2013 दिनांक 8.12.2014 (म.प्र.राजपत्र भाग (ग) दिनांक 12 दिसंबर,2014) के अंतर्गत किसी तम्बाकू (जिसमें बीडी बनाना भी सम्मिलित है) के विनिर्माण में नियोजन में दरों को अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबद्ध किया गया है। जो दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक देय है।

श्रमायुक्त कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन, इन्दौर की अधिसूचना क्रमांक 3/11/अन्वे/पांच/2024/15067-316 दिनांक 24/05/2024 के अनुसार जनवरी,2023 से दिसंबर,2023 तक की अवधि में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का औसत 8967 रहा है, इस तरह अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 5299 (1960=100) के आधार आंकड़ों के औसत के उपर (8967-5299 = 3668 पाईन्ट) 3668 औसत बिन्दुओं की वृद्धि हुई है। जिसके परिणामस्वरूप किसी तम्बाकू (जिसमें बीडी बनाना भी सम्मिलित है) के विनिर्माण में नियोजन के लिये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 01 पैसे प्रति बिन्दु, प्रति हजार बीडी के मान से रूपये 36.68 परिवर्तनशील मंहगाई भत्त दिनांक 01.04.2024 से देय होगा।

**अनुसूची – ई**

किसी तम्बाकू (जिसमें बीडी बनाना भी सम्मिलित है) के विनिर्माण में नियोजन

| कर्मचारियों का वर्ग | न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरें | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते की दर | कुल वेतन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. बीडी रोलर (1000 बीड़ी बनाने के लिए) | 74.00 | 36.68 | रूपये 110.68 किसी सप्ताह में प्राप्त होने वाले वेतन का योग रूपये 619.81 से कम हो तो उसे इस अधिसूचना के परिशिष्ठ में बताई गई शर्तो के अनुसार कम से कम रूपये 619.81 का भुगतान उस सप्ताह में किया जावेगा। |

नोट – एक हजार बीडी बेलने पर न्यूनतम वेतन परिवर्तनशील मंहगाई भत्त रूपये 110.68 पैसे के अतिरिक्त बीडी श्रमिकों को बोनस पेटे 9 रूपये 68 पैसे (8.33 प्रतिशत), अर्जित अवकाश के एवज में नगद भुगतान 5 रूपये 53 पैसे (5 प्रतिशत), एवं भविष्य निधि बाबद नियोजक का अंशदान 11 रूपये 62 पैसे (10 प्रतिशत) इस प्रकार कुल 137 रूपये 51 पैसे देय होगी। इस सकल देय राशि में से श्रमिकों का एवं नियोजक का भविष्य निधि अंशदान की कटौती रूपये 23.24 पैसे की होगी। इस प्रकार 1000 बीडी बेलने पर दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 की अवधि में श्रमिकों से 11 रूपये 13 पैसे एवं भविष्य निधि कटौती की राशि 11 रूपये 13 पैसे उपरांत शुद्ध राशि 114 रूपये 27 पैसे प्रति हजार बीडी देय होगी।

| कर्मचारियों का वर्ग | न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरें | परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की दर | कुल वेतन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 2- रिलाई श्रमिक | | | |
| **अ- बीडी के कट्टों प्रर झिल्ली लगाना** | | | |
| 1- लेबल चिपकाने तथा पुड़ों को बनाने या चिपकाने संबंधी कार्य | रू. 52.39 प्रति 1000 कट्टो पर | रू. 36.68 (02 पैसे प्रति 2000) | रूपये 89.07 |
| 2- यदि कट्टे पर दोनो ओर लेबल लगाया जाता है। | रू. 56.26 प्रति 1000 कट्टो पर | रू. 36.68 (02 पैसे प्रति 2000) | रूपये 92.94 |
| **ब. झिल्ली पर लेबल लगाने संबंधी कार्य** | | | |
| 1. झिल्ली पर लेबल लगाना | रू. 45.95 प्रति 1000 कट्टो पर | रू. 36.68 (02 पैसे प्रति 2000) | रूपये 82.64 |
| 2. झिल्ली लगाना | रू. 33.54 प्रति 1000 कट्टो पर | रू. 27.51 (03 पैसे प्रति 4000) | रूपये 61.05 |
| 3. लेबल लगाना | रू. 12.84 प्रति 1000 कट्टो पर | रू. 9.17 (02 पैसे प्रति 8000) | रूपये 22.01 |
| 4. पूड़ा बनाना या चिपकाना | रू. 13.25 प्रति 1000 कट्टो पर | रू. 9.17 (02 पैसे प्रति 8000) | रूपये 22.42 |
| **स. एक हजार कट्टों पर, जबकि 25 बीडियों का कट्टा हो :-** | | | |
| 1. आडी तथा खड़ी पट्टी लगाने का कार्य हो | रू. 192.64 प्रति एक लाख बीडी पर | रू. 146.72 (04 पैसे प्रतिलाख बीडी पर) | रूपये 339.36 |
| 2. झिल्ली आडी तथा खडी लगाने का कार्य हो | रू. 213.59 प्रति एक लाख बीडी पर | रू. 146.72 (04 पैसे प्रतिलाख बीडी पर) | रूपये 360.31 |
| 3. झिल्ली तथा नक्शी झिल्ली लगाने का कार्य हो | रू. 213.59 प्रति एक लाख बीडी पर | रू. 146724 (04 पैसे प्रतिलाख बीडी पर) | रूपये 360.31 |

नोट – बीड़ी निर्माण के संबंध में दैनिक या मासिक दर से वेतन पाने वाले कर्मचारियों जैसे बीडी छांटने तथा जांच करने वाले, तम्बाकू मिश्रण तथा छानने का कार्य करने वाला, भट्टी वाला रसोइया, ड्रायवर (भारी वाहन), हल्का वाहन, एकाउन्टेट, मनीम, कैशियर, गोडाउन कीपर, स्टोर कीपर, टाईपिस्ट, बिलमेन, क्लर्क, भृत्य, चौकीदार के वेतन न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत समय-समय पर निर्धारित कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल श्रेणी के श्रमिकों के वेतन के अनुसार नियमित होंगें।

इस प्रयोजन के लियु उपर्युक्त कर्मकारों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जावेगा –

1- कुशल - ड्रायवर/चालक (भारी वाहन), एकउन्टेंट, मुनीम, केशियर, स्टोरकीपर, हेड क्लर्क, गोडाउन कीपर ।

2-अर्द्धकुशल- बीड़ी छांटने तथा जांच करने वाला, भट्टी वाला, रसोइया, ड्रायवर (हल्के वाहन), टाईपिस्ट, बिलमेन, क्लर्क आदि।

(स्वतंत्र कुमार सिंह)
श्रमायुक्त,
मध्य प्रदेश, इन्दौर
तथा न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948
के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी

**Effective Wages of Beedi Rollers (for rolling of 1000 Beedies)**
**Effective from 01.04.2024**
**V.D.A. revisable annually with effect from 01.04.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Basic Wage | 74.00 |
| 2. | Variable Dearness Allowance | 36.68 |
| 3. | Leave with Salary<br>( @ 5% of total wages) | 05.53 |
| 4. | Total Wages | 116.21 |
| 5. | Bonus<br>( @ 8.33% of total wages) | 9.68 |
| 6. | P.F. contribution of Employer<br>( @ 10% of total wages) | 11.62 |
| 7. | Total Wages + Bonus + P.F. contribution =<br>Less Contribution of Employer (-) | 137.51 |
| 8. | Total Wage + Bonus | 125.89 |
